# सर कम्फरेंस और पहली गोलाकार मेज़

सिंडी नेउशवांडर

## सर कम्फरेंस और पहली गोलाकार मेज़

सिंडी नेउशवांडर

राजा आर्थर के सामने एक समस्या है!

जब उनके लड़ाकू शूरवीर इकट्ठे होते हैं, तो वे सब एक इतनी लंबी मेज पर बैठते हैं कि सभी को सुनाई देने के लिए उन्हें बहुत ज़ोर से चिल्लाना पड़ता है. क्या सर कमफरेंस और एमीटर की लेडी डी, इस समस्या के हल के लिए एक बेहतर मेज़ बना सकते हैं?

महल का दौरा करें, टूर्नामेंट देखें, और सर कम्फरेंस के साथ सवारी करें क्योंकि वो भविष्य के आकार की खोज कर रहे हैं. लड़ाकू शूरवीर, चतुर बढ़ई, और एक करतब दिखाने वाला जोकर सभी आपका इस मज़े में इजाफा करेंगे.

# सर कम्फरेंस और पहली गोलाकार मेज़

सिंडी नेउशवांडर

बहुत पहले, कैमलॉट नामक देश में कई शूरवीर और उच्च दर्जे की महिलायें (लेडीज) रहती थीं. उनका शासक एक शक्तिशाली, लेकिन दयालु, राजा आर्थर नाम का व्यक्ति था. वहां कई वर्षों तक अच्छी फसल हुई थी इसलिए लोग खुशी और शांति से जी रहे थे.

मुसीबत तब शुरू हुई जब उन्होंने अपनी उत्तरी सीमा पर पड़ोसी राज्य की सेना को इकट्ठा होते देखा, इन लोगों को "घेरने" वालों के नाम में जाना जाता था. ऐसा लग रहा था कि वे युद्ध की तैयारी कर रहे थे. इसलिए राजा आर्थर ने अपने सबसे बहादुर और सबसे भरोसेमंद शूरवीरों को बुलाया और उनके साथ मिलकर आगे की योजना बनाने की सोची.

शूरवीर घोड़ों पर सवार होकर तेजी से राजा के महल में पहुंचे. क्योंकि सर कमफरेंस पास ही में रहते थे, इसलिए वो अपने परिवार के साथ आए. सर कम्फरेंस का विवाह अमीटर शहर की रहने वाली लेडी डी के साथ हुआ था.

उनके बेटे का नाम रेडियस था. रेडियस देखने में काफी छोटा था, लेकिन उसका दिमाग गज़ब का तेज था और वो असीम ऊर्जा से भरा था.

पहले दिन की मीटिंग में राजा अपने सभी शूरवीरों के साथ बैठे. लेडी डी, सर कमफरेंस के पास में बैठीं.

"ओह," राजा चिल्लाए, "ज़ोर-ज़ोर से बोलने से मेरे गले में दर्द होने लगा है. लोग, उस लंबी आयताकार मेज के दूसरे छोर पर मुझे सुन सकें उसके लिए मुझे ज़ोर से चिल्लाना पड़ता है. सभी को सुनने के लिए मुझ बहुत ज़ोर से चिल्लाना पड़ता है. उससे राजा बहुत परेशान हुआ."

"आप मेज़ को ठीक क्यों नहीं करवाते?" लेडी डी ने सुझाव दिया.

20 feet

5 feet

1. 2.

"बताओ, भला हम वो कैसे कर सकते हैं?" सर कम्फरेंस ने पूछा

"ठीक है," लेडी डी ने कहा, "आप आयताकार मेज़ को आधे में कटवा सकते हैं. देखिए, यहाँ मेज़ की एक ड्राइंग है. इसकी दो लंबी भुजाएँ और दो छोटी भुजाएँ हैं. यदि आप इसे आधा में कटवाते हैं, और दोनों हिस्सों को एक साथ रखते हैं, तो आपके पास चार बराबर भुजाओं वाली एक चौकोन मेज होगी."

10 feet

1. 2.

10 feet



"लेडी डी , यह तो बहुत अच्छा विचार है!" सर कम्फरेंस ने बढ़ई, जियो ऑफ मेट्री को बुलाया. जियो ने तुरंत काम शुरू कर दिया.

अगले दिन नई टेबल तैयार हो गई. सभी ने अद्‌भुत, चौकोर आकार की मेज़ पर अपनी ख़ुशी ज़ाहिर की. पर एक और समस्या पैदा हुई.

जब कोई और बात कर रहा था तब मेज के प्रत्येक कोने पर, कई शूरवीर एक-दूसरे से फुसफुसा रहे थे.

सर गलाहद ने कहा, "राजा आर्थर, जब लोग एक-दूसरे से गुप्त रूप से बात करते हों तो हम फिर समस्या के समाधान पर चर्चा कैसे सकते हैं?"

"सर गलाहद ने सही ही कहा," राजा आर्थर ने जवाब दिया. "हम यहां दुश्मनों से अपनी जमीन की रक्षा के लिए इकट्ठे हुए हैं, गोपनीयता में बातचीत करने के लिए नहीं."



बैठक के बाद, राजा आर्थर ने सर कम्फरेंस से कहा कि बैठक के लिए उन्हें नई मेज़ की जरूरत होगी. उस रात, सर कम्फरेंस ने लेडी डी को चौकोर मेज़ की समस्याओं के बारे में बताया.

लेडी डी ने, एक पल सोचा और फिर कहा, "अच्छा होगा अगर हम वर्गाकार मेज को तिरछा काट दें? फिर हम दोनों हिस्सों को मिलाकर एक हीरे (बर्फी) के आकार की मेज़ बना पाएंगे."

फिर लेडी डी ने एक चित्र बनाया और कहा, "राजा एक छोर पर बैठ सकते हैं, और आप विपरीत छोर पर बैठ सकते हैं. तब हर कोई सुनने के लिए काफी करीब होगा, और हमारे शूरवीर भी किसी तंग कोने में नहीं होंगे. ”

योजना को देखने के बाद, सर कम्फरेंस ने अपनी सहमति व्यक्त की और उसे एक अच्छा विचार बताया. बढ़ई, जियो ने कहा, "सर, बढ़ई लोग इस आकृति को समांतर चतुर्भुज बुलाते हैं. मैं कल तक मेज़ तैयार कर दूंगा."

अगले दिन, सर लैंसलॉट और सर गवेन एक समांतर चतुर्भुज के आकार वाली मेज को देखकर चकित रह गए. दूसरों को भी वो पसंद आई, लेकिन राजा आर्थर को एक नुकीले बिंदु पर बैठना ख़ास अच्छा नहीं लगा.



सर कमफरेंस के साथ बात करते समय राजा ने शूरवीरों को तलवारबाजी का अभ्यास करने की अनुमति दी.

"सर कम्फरेंस, मेज़ की नोक एक तलवार की तरह मुझे चुभती है! हमें युद्ध को रोकने के तरीकों के बारे में सोचने की ज़रूरत है, लेकिन यह मेज़ मुझे लड़ने के लिए उकसाती है! क्या आप उसे ठीक करवा सकते हैं?"

"मैं उसे ठीक करवाने की भरपूर कोशिश करूँगा, सर," सर कम्फरेंस ने कहा.

उस दोपहर सर कम्फरेंस मैदान के पास खड़े हुए और उन्होंने शूरवीरों को लड़ाई का अभ्यास करते देखा. वो एक खूबसूरत दिन था. नीले आसमान तले तेज़ हवा में झंडा लहरा रहा था. सर गवेन का झंडा नीला था और उसपर सफेद क्रॉस बना था, सर लेंसलॉट का झंडा हरे रंग का था और उसपर शेर बने थे, और सर टोरे का झंडा हरा था और उसपर एक चील का चिन्ह था. झंडे आकार में एक-समान थे: वे सभी त्रिकोण थे.

"देखिए," सर कम्फरेंस ने कहा, "हमें एक तिकोनी मेज़ चाहिए!"

सर कम्फरेंस ने तुरंत जियो को बुलाया और उसे नई मेज़ के आकार के बारे में समझाया, जियो ने कहा, "अगर हम समांतर चतुर्भुज वाली मेज़ को आधे में काट दें, तो उससे हमें दो त्रिभुज मिलेंगे. पर शायद एक त्रिभुज मेज़ के लिए बहुत छोटा होगा."

फिर उन्होंने प्रस्तावित तिकोनी मेज़ को मापा, और तब उन्हें इस बात का एहसास हुआ कि मेज़ की प्रत्येक साइड पर चार लोग फिट नहीं हो पाएंगे. "जियो, चलो कुछ और सोचते हैं," सर कम्फरेंस ने कहा, और फिर वो लेडी डी के साथ भिन्न-भिन्न आकृतियों पर चर्चा करने लगे.

यहां काटें

यहां काटें

जब शूरवीर आठ कोनों वाली मेज पर बैठे तो हर कोई खुद के लिए अपनी एक भुजा (साइड) चाहता था. पर वहां सिर्फ आठ भुजाएँ थीं और बारह शूरवीर थे! उनमें से कौन अपनी साइड को किसी दूसरे शूरवीर के साथ साझा करेगा?

सभी इस बात पर सहमत हुए कि राजा के पास खुद की एक भुजा (साइड) ज़रूर होनी चाहिए, क्योंकि वो उनके नेता थे, लेकिन फिर सात भुजाएं और ग्यारह शूरवीर बच जायेंगे.

"शूरवीरों, आप सब लोग कुछ देर चुप रहें," राजा आर्थर ने शांति से कहा.

"हमें यह याद रखना चाहिए कि हम यहां अपनी भूमि की रक्षा की योजना बनाने के लिए इकट्ठे हुए हैं. इस मेज़ जिसमें कोनों और किनारों की समस्या है पर बैठकर हम भला कैसे चर्चा कर सकते हैं? सर कम्फरेंस, क्या बढ़ई एक अंडाकार मेज का निर्माण नहीं कर सकता है. अगर वो एक अंडाकार मेज बनाएगा तो हम इकट्ठे बैठकर अच्छी तरह से बात कर पाएंगे."

सर कम्फरेंस ने जियो को एक अंडाकार मेज़ बनाने का आदेश दिया.

जियो ने कहा, "इस मेज़ को बनाना कठिन होगा क्योंकि उसमें कोई सीधी किनार ही नहीं है."

"मैं उसे तुरंत बनाना शुरू करूँगा."

जब शूरवीर फिर मिले, तो वे सभी अंडाकार मेज से प्रभावित हुए. सर लैंसलॉट ने सुझाव दिया कि वे मेज़ के उपलक्ष में अपने प्याले उठाएं और मदिरा पीएं.

सभी शूरवीरों ने अपने-अपने प्याले उठाए, लेकिन मेज के छोरों पर एक बड़ा हंगामा हुआ.



अंडाकार मेज के छोर पर शूरवीरों ने अपना प्याला उठाया तो वे राजा से जाकर टकरा गए. वहां किसी के पास भी पर्याप्त जगह नहीं थी.

कुछ शूरवीरों ने बहस करना शुरू किया. तब राजा आर्थर चिल्लाए, "रुको! सर कम्फरेंस को छोड़कर, आप सभी लोग मुझे कल तक के लिए छोड़ दें."

राजा आर्थर से चर्चा करने के बाद, सर कम्फरेंस काफी निराश होकर घर लौटे.

रेडियस ने कहा, "पिताजी, जब मेरे सामने कोई समस्या होती है जिसे मैं हल नहीं कर पाता हूँ तो मैं थोड़ी देर के लिए कुछ बिलकुल अलग करता हूं. हम कुछ देर के लिए घूमने क्यों नहीं जाते?"

फिर उस दिन दोपहर को, सर कम्फरेंस, रेडियस और लेडी डी, घुड़सवारी करने गए. कुछ देर में रेडियस चिल्लाया, "पिताजी, देखिये! एक पेड़ गिरा पड़ा है!"

"हाँ, वाकई में," एक शूरवीर चिल्लाया.

"क्या आप नहीं देख रहे हैं, पिताजी? वो पेड़ आपकी मेज है!"

लेडी डी करीबी से देखने के लिए अपने घोड़े से उतरीं. वो अपने पंजों के बल खड़ी हुईं और उन्होंने अपने दोनों हाथों को जितना संभव था उतना ऊपर उठाया. उनकी उँगलियाँ सिर्फ पेड़ के तने की ऊपरी किनारे को जाकर छुईं.

"यह पेड़ काफी बड़ा है," उन्होंने कहा. "उसका तना इतना बड़ा है कि वो मेरी ऊंचाई जितना है, और लकड़ी की गुणवत्ता भी बहुत अच्छी लगती है."

फिर सर कम्फरेंस ने जियो को पेड़ के तने से मेज़ बनाने के लिए उसके क्रॉस-सेक्शन को काटने के लिए बुलाया.



"बाहरी छाल को किनारे पर ही रहने दो," उन्होंने जियो से कहा, "मुझे उसका खुरदरापन पसंद है."

जियो और उसके सहायकों ने पेड़ के विशाल तने को देखा. फिर उन्होंने उस भारी तने को एक बैलगाड़ी में लादा और वे उसे जियो की वर्कशॉप में ले गए. जियो ने पूरी रात काम करके नई मेज़ को बनाया.

जब अगले दिन शूरवीर मिले, तो मेज तैयार हो गई थी. सब लोग उससे सन्तुष्ट थे. फिर कोई भी चिल्लाया या फुसफुसाया नहीं. किसी ने खुद को फंसा हुआ महसूस नहीं किया. न ही किसी के पेट में कुछ चुभा और न ही किसी को कोई घुटन महसूस हुई थी.

मेज के चारों ओर सभी का समान स्थान था. उन्होंने खूब चर्चा की और अंत में उन्होंने तय किया कि समस्या का सबसे अच्छा हल पड़ोसियों के साथ शांति बनाने की कोशिश करना होगा. राजा आर्थर उससे इतने प्रसन्न हुए कि उन्होंने उस रात को जश्न मनाने की ठानी.

जल्द ही, हर कोई संगीत, नृत्य और भोज का आनंद ले रहा था, अचानक, संगीत बंद हुआ. एक दूत ने दौड़कर आया और उसने राजा आर्थर को एक सीलबंद चर्मपत्र दिया. राजा उसे पढ़कर मुस्कुराए.

"देवियों, शूरवीरों और मेहमानों, मेरे पास आपके लिए एक बहुत अच्छी खबर है. हमारा पड़ोसी हमले की योजना नहीं बना रहा है. वे केवल अपने राज्य का क्षेत्र मापना चाहता है. हमारे देश में शांति बरकरार रहेगी!"

"हुर्रे!" सभी ने जयजयकार की. फिर राजा ने सबको चुप करने के लिए अपना हाथ ऊपर उठाया.

"जो शूरवीर हमारे राज्य को बचाने के लिए इस गोल मेज पर एकत्र हुए हैं उनके सम्मान में वे आज से वे "गोलमेज-शूरवीरों" के रूप में जाने जाएंगे.

"आइए हम सर कमफरेंस, लेडी डी और उनके बेटे रेडियस का भी धन्यवाद अदा करें क्योंकि उन्होंने ही इस गोलमेज को संभव बनाया."

सबने फिर खुशी मनाई.



इसके अलावा, क्योंकि एमीटर की लेडी डी की पहुंच मेज़ के आर-पार की दूरी के बराबर है, इसलिए हम इस माप को उनका नाम देंगे. हम इसे "डी" डाईमीटर यानि व्यास कहेंगे."

"मुझे रेडियस (त्रिज्या) पर भी गर्व है," किंग आर्थर ने कहा. "किसी दिन वो एक अच्छा शूरवीर बनेगा. वो देखने में छोटा हो सकता है लेकिन उसके दिमाग में बड़े विचार हैं." सभी ने सिर हिलाया और ताली बजाई. "चलो इस छोटे से माप को गोले के केंद्र से उसके किनारे तक की त्रिज्या (रेडियस) बुलाते हैं."

RADIUS (त्रिज्या)

अंत में, हम चतुर सर कम्फरेंस को न भूलें. चूंकि हमारी मेज के बाहरी किनारे पर छाल को छोड़ने का विचार उनका ही था, इसलिए हम किसी भी गोले के बाहरी किनार का नाम उनके नाम पर रखेंगे. आइए हम इसे सरकमफेरेंस यानि "परिधि" बुलाएँगे."

CIRCUMFERENCE

(परिधि)

सर कम्फरेंस ने राजा को नमन किया और सभी लोग आदर में अपनी-अपनी सीट से उठे और जय-जयकार लगाने लगे और सम्मान में पैर पटकने लगे. खुशी का उत्सव था जो हर किसी की याददाश्त में लम्बे समय तक बना रहेगा.



समाप्त